an>

Title: Need to set up a Government College/Women's College in Barabanki Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी) : सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं दो बिन्दु शिक्षा के संदर्भ में रखना चाहती हूँ।

मेरा बाराबंकी क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। यहाँ उच्च शिक्षा हेतु कोई भी राजकीय महाविद्यालय नहीं है। विवश होकर बालक-बालिकाओं को लखनऊ व अन्य जनपदों में प्रवेश लेना पड़ता है, जिस कारण छात्रों के परिजनों को काफी बड़ी मात्रा में आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इस विसंगति के कारण और छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बालिकाओं को प्रायः बीच में ही अपनी शिक्षा छोड़नी पड़ती है। उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने की मांग को लेकर काफी समय से अनेक संगठनों द्वारा जनपद में आंदोलन भी किये जाते रहे हैं, परन्तु आज तक इस समस्या का स्थायी निदान नहीं हो सका है, जिस कारण यहाँ के युवा छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त रहता है।

दूसरा बिन्दु यह है कि केन्द्रीय विद्यालय में सैकेन्ड शिफ्ट को शुरू किया जाए। छात्र-छात्राएँ देश का भविष्य हैं, देश की ताकत हैं और देश तभी मज़बूत होगा, जब शिक्षा के क्षेत्र में ये छात्र-छात्राएँ मज़बूत होंगे। अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन है कि मेरे जनपद में एक राजकीय महाविद्यालय और एक राजकीय बालिका महाविद्यालय स्थापित कराए जाने की कृपा करें।